**Nai dunia (Indore) 9th Feburary 2020, City Live, Page-19**

# रोबोवर्स के साथ रैंप वॉक भी

इंदौर (नईदुनिया रिपोर्टर)। आईआईटी, इंदौर के तकनीकी-सांस्कृतिक कार्यक्रम फ्लक्सस 2020 के दूसरे दिन शनिवार को कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दिन तकनीक का परिचय देते रोबोट्स भी दिखे तो फैशन का अंदाज लिए रैंप वॉक भी हुई। यहां हुई रोबोवर्स फाइनल का सभी ने लुत्फ उठाया। यह स्पर्धा ब्लैंका बोर्ड ने जीती। इसरो प्रदर्शनियां उन स्कूली विद्यार्थियों के बीच बेहद चर्चा का विषय रही जिन्हें इस आयोजन के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नुक्कड़ नाटक, मोनोएक्ट और संगीत भी था। वर्ड ऑफ विजडम की श्रृंखला में अक्षय पात्र फाउंडेशन और डॉ. राजश्री बोथला ने चर्चा की। इस दिन का मुख्य आकर्षण कैंपस प्रिंसेस शो था। मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन के माध्यम से हुए इस शो की निर्णायक मिस अदिति हुंडिया थी। इसमें रक्षा सोनी और तेजल पाटिल विजेता रही। स्टार-स्टड नाइट्स ने द येलो डायरी की परफॉर्मेंस भी हुई। इन्होंने अपनी धुनों से सभी का दिल जीत लिया।




फ्लक्सस में विज्ञान पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई। ● नईदुनिया



कार्यक्रम का आकर्षण रहा रोबोट, जिसने तकनीक से रूबरू कराया। ● नईदुनिया